रांची
18/06/2015

ICFAI
UNIVERSITY
JHARKHAND

The Institute of Chartered Financial Analysts of India University, Jharkhand

## इक्फाई वि वि के पीएचडी समापन समारोह में प्रबंधन की पत्रिका का विमोचन हुआ

आज इक्फाई वि वि में पीएचडी पाठ्यक्रम (सत्र 2015-19) के समापन समारोह में वि वि की प्रबंधन पत्रिका (मई 2015) का विमोचन हुआ। एनसीआरडी के स्टर्लिंग संस्थान, मुंबई के प्रो० (डॉ) सीमा सद्धा को बेस्ट पेपर के लिए सम्मानित किया गया। यह पेपर "खाद और पेय बिक्री पर मल्टीप्लेक्स ऑक्युपेंसी की वृद्धि का प्रभाव" विषय पर था। पुरस्कार लेख के विषय, मूल योगदान और प्रस्तुति के आधार पर दिया जाता है।

दर्शकों का स्वागत करते हुए वि वि के कुलपति प्रो० ओ० आर एस राव ने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के अलावा वि वि अनुसंधान एवं प्रकाशन के माध्यम से, प्रबंधन अनुशासन के लिए नए ज्ञान का योगदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पत्रिका प्रबंधन के शिक्षकों के विचारों और अनुभवों के योगदान का लाभ सृजन करने के लिए एक मंच के रूप में शुरू किया गया है। प्रो० राव वि वि के पीएचडी स्कालरों के द्वारा पत्रिका में लेख योगदान पर प्रसन्नता जाहिर की। स्कॉलरों को संबोधित करते हुए वि वि बोर्ड ऑफ गवर्नेंस के सदस्य डॉ० के के नाग ने प्रबंधन के क्षेत्र मे नए ज्ञान पैदा करने के लिए वि वि की पहल की सराहना की। वि वि के प्रबंधन बोर्ड की सदस्य डॉ० बी प्रसाद ने प्रो० सीमा की बेस्ट पेपर अवार्ड पर बधाई दी। पुरस्कार स्वीकार करते हुए डॉ सीमा ने कहा कि सम्मान अच्छे लेख के लिए एक प्रेरक है।

समारोह मुख्य अतिथि डॉ० जीएल दत्ता (पूर्व डीन, आईआईटी खड़गपुर तथा पूर्व कुलपति के० एल वि वि) ने की नए ज्ञान का सृजन देशों की प्रगति और समाज के लिए महत्वपूर्ण है। डॉ० दत्ता वि वि के द्वारा स्कॉलरों को उद्योग तथा समाज के लिए प्रासंगिक विषय लेने के प्रोत्साहन की सराहना की। पीएचडी के सत्र 2015-19 बैच के रिसर्च स्कॉलर्स ने विवि मे आयोजित पाठ्यक्रम कार्य की गुणवत्ता पर खुशी व्यक्त की।

समारोह का धन्यवाद प्रस्ताव डॉ० बी एन सिंह (कुलसचिव, वि० वि०) ने किया। वि वि के सभी शिक्षक, छात्र तथा कर्मचारियों ने समारोह में भाग लिया।

Campus : 2065, Daladali Chowk, Simalia, Near Kathal Mode, Ranchi-834 005, Tel: 0651-2100254.
City Office: 2167/A, Opp IDBI Bank, Ashok Nagar, Ranchi-834 002, Tel: 0651-2245178 ,2240470, 092040-62414.